(ग) वर्ष 1993 में, नन्दा देवी राष्ट्रीय पार्क में पर्यटकों के प्रवेश से पर्यावरणीय दृष्टि से पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की जांच के बाद पारिस्थिति की अध्ययन दल तथा मैं नेशनल बायोस्फीयर रिजर्व तथा साइन्टिफिक एडवाइजरी समिति" ने नन्दा देवी रिजर्व के मुख्य क्षेत्र में आगामी पांच वर्षों के लिए पार्क की निगरानी कार्य को छोड़कर अन्य क्रियाकलापों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया था। इस आशय के आदेश पर्यावरण तथा वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 14.9.1994 को जारी कर दिए गए हैं।

भारतीय पर्यटन विकास निगम के होटलों में घटिया प्रसाधन सामग्री की आपूर्ति

1542. **श्री चुन्नीलाल चौधरी:** क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारतीय पर्यटन विकास निगम के होटलों के सभी महाप्रबंधकों (एस) ने "ई०डी० विजिलेंस" को यह शिकायत की थी और आपत्ति भी की थी कि भारतीय पर्यटन विकास निगम के अन्तर्गत अशोक समूह के होटलों में केवल ठेकरी की आपूर्ति करने वाली एक ट्रेडिंग कंपनी द्वारा टूथपेस्ट, टूथब्रश, शेविंग किट, साबुन और कंघी जैसी घटिया प्रसाधन सामग्री की आपूर्ति की जाती है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन शिकायतों के बावजूद, निदेशक (वित्त) के निर्देश पर अशोक होटल द्वारा उस कंपनी को 30 लाख रुपए का आर्डर दिया गया; और

(ग) इस मामले में सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ओमाक अपांग): (क) जी, नहीं। भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों में कोई प्रधान प्रबंधक (स्टोर्स) नहीं हैं। इसके अतिरिक्त भारत पर्यटन विकास निगम के स्वामित्व वाले 26 होटलों में से किसी के भी प्रधान प्रबंधक ने उक्त कंपनी द्वारा घटिया प्रसाधन सामग्री की आपूर्ति करने पर सीधे ई०डी० (विजिलेंस) को कोई शिकायत नहीं भेजी है। तथापि एक प्रधान प्रबंधक ने उक्त ट्रेडिंग कंपनी द्वारा टूथपेस्ट, टूथब्रश, शेविंग किट, आदि जैसी प्रसाधन सामग्री की क्षतिग्रस्त स्थिति/गलत मोनोग्राम/घटिया क्वालिटी की आपूर्ति के संबंध में अगस्त, 1998 में मुख्यालय में शिकायत भेजी थी।

(ख) जी, नहीं। निदेशक (वित्त) द्वारा ऐसे कोई निदेश नहीं दिए गए थे। अशोक होटल, नई दिल्ली ने वर्ष 1998-99 (फरवरी 99 तक) के दौरान उक्त फर्म को शेविंग किट्स की आपूर्ति के लिए 0.87 लाख रुपयों का आर्डर दिया था।

(ग) भारत पर्यटन विकस निगम के सतर्कता प्रभाग ने मामले की जांच की है और उक्त सप्लायर के साथ व्यापारिक लेन-देन पर रोग लगाने की सिफारिश की है।

Decline in Tourist inflow

1543. MISS SAROJ KHAPARDE:
SHRI AMAR SINGH:
SHRI J. CHITHARANJAN:
SHRI GURUDAS DAS GUPTA:

Will the Minister of TOURISM be pleased to state:

(a) the number of foreign tourists visited our country during each of the last five years;

(b) whether tourist traffic has been declining during that period and if so, the reasons therefor; and

(c) the action taken by Government to attract foreigner in our country during the last two years and the result thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI OMAK APANG): (a) and (b) Total number of foreign tourists who visited India along with the percentage growth during the last five years is as follows:

Year	Foreign tourist arrivals	%Change
1994	1886433	—
1995	2123683	12.6
1996	2287860	7.7
1997	2374094	3.8
1998	2358629	−0.7

Except for the year 1998 when tourist arrivals registered a marginal decline, tourist arrivals from 1994 to 1997 registered a positive growth. The primary reasons for a marginal decline during 1998 are the following: